# ‘मोर गाँव मोर पानी’ अभियान

## चर्चा में क्यों?

22 अप्रैल, 2022 को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ‘मोर गाँव मोर पानी’ अभियान के समापन अवसर पर दुर्ग ज़िले के गंज मंडी प्रांगण में जल गुणवत्ता जाँच से जुड़ी महिलाओं को ‘जल बहिनी’ की उपाधि देकर उनका सम्मान किया।

## प्रमुख बिंदु

- यह अभियान छत्तीसगढ़ के सभी ज़िलों में यूनिसेफ के सहयोग से किया गया।
- इसकी शुरुआत जल जीवन मिशन के अंतर्गत 22 मार्च, 2022 को विश्व जल दिवस के अवसर पर की गई थी।
- 22 मार्च से 22 अप्रैल तक चलाए गए इस अभियान का उद्देश्य प्रत्येक ग्राम में वर्षा जल का विभिन्न तकनीकी विधियों से संवर्द्धन एवं जल के उपयोग उपरांत उत्पन्न ग्रे वाटर का उचित प्रबंध कर संपूर्ण जल का संवर्द्धन एवं संरक्षण करना है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/more-gaon-more-pani-campaign